प्रेषक,

सचिव
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0
मोहान रोड, लखनऊ।

सेवा में,

1– सम्बन्धित जनपद के **जिलाधिकारी**, उत्तर प्रदेश।
2– सम्बन्धित जनपद के **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक**, उत्तर प्रदेश।
3– सम्बन्धित **मण्डलीय उपनिदेशक**, समाज कल्याण उत्तर प्रदेश।
4– सम्बन्धित जनपद के **जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)**, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक सी– 765/औ0प्रा0शि0प0/परीक्षा–2019/2019–20 दिनांक– 22 अगस्त 2019

विषयः समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं की वार्षिक परीक्षा–2019 सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया अवगत हों कि, समाज कल्याण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थाओं की **वार्षिक परीक्षा–2019, दिनांक–16–09–2019 से दिनांक–28–09–2019 की अवधि में सम्पन्न होंगी**, परीक्षा का संचालन अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया जायेगा। जनपद में जिन संस्थाओं पर परीक्षा होंगी, उसकी सूची इस पत्र के साथ संलग्न है। इस पत्र के साथ वार्षिक परीक्षा वर्ष–2019 की समय–सारणी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) द्वारा परीक्षा–2019 के प्रश्न पत्र एवं संस्थाओं द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से स्टेशनरी प्राप्त करने का कार्यक्रम एवं परीक्षा संचालन सम्बन्धी निर्देशों की एक–एक प्रति भी संलग्न है।

1– परीक्षा शांत एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हो, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) अपने जनपद में स्थित संवेदनशील केन्द्रों की सूची बनाकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क कर संवेदनशील केन्द्रों हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था कर लें जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे।

2– गतवर्ष की भाँति प्रश्नपत्रों को संस्था में प्रतिदिन पहुँचाने एवं परीक्षा समाप्त होने के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं/माडलों आदि को जनपद स्थित संकलन केन्द्रों पर पहुँचाने की जिम्मेदारी जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) की होगी। प्रश्नपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से **जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) स्वयं अथवा अपने अधिकृत कर्मचारी के माध्यम से प्राप्त करेंगे** तथा प्रतिदिन संलग्न समय–सारणी के अनुसार संस्था को हस्तगत करने की समुचित व्यवस्था करेंगे। **दिनांक–28–09–2019** को परीक्षा समाप्त होने के बाद सभी संस्थाओं के सील्ड बन्द थैले समाज कल्याण अधिकारी (विकास) अपने प्रतिनिधि के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (राजकीय गोविन्द बल्लभ पन्त पालीटेक्निक मोहान रोड लखनऊ के कैम्पस) में **दिनांक 01–10–2019 से 07–10–2019 की अवधि में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।** यदि किसी जनपद में सभी संस्थाओ की परीक्षा दिनांक–**28–09–2019** से पहले समाप्त हो जाती है तो उत्तर पुस्तिकायें आदि

पहले भी किसी भी कार्य दिवस में जमा करायी जा सकती हैं। **दिनांक–07–10–2019 के बाद उत्तर पुस्तिकायें आदि प्राप्त नहीं की जायेंगी**, इसके लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) ही उत्तरदायी होंगे। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता/निर्देशों की अवहेलना/गोपनीयता भंग होने पर सीधे तौर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) एवं उनके प्रतिनिधि तथा संस्था के केन्द्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे।

कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–

1– वार्षिक परीक्षा 2019 की समय–सारणी।
2– परीक्षा संचालन सम्बन्धी निर्देश।
3– प्रश्नपत्र एवं स्टेशनरी प्राप्त करने का कार्यक्रम।

भवदीय

(पी0के0 मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि–निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. **निदेशक (परिषद अध्यक्ष,)** समाज कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. **उप निदेशक**,(योजनाधिकारी), निदेशालय समाज कल्याण, उ0 प्र0, लखनऊ की सेवा में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने स्तर से भी संबधित जनपदों के **जिला समाज कल्याण अधिकारी** (विकास) **को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रश्नपत्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।**
3. समस्त प्रधानाचार्य मान्यता/सहायता प्राप्त औद्योगिक एवं प्राविधिक संस्थायें, उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।

(पी0के0 मिश्रा)
सचिव